## थाना समाधान दिवस के अवसर पर सुनी गयी फरियादियों की समस्यायें, प्राप्त हुयी शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर थाना समाधान दिवस के अवसर पर आज दिनांक 26.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह की अध्यक्षता में थाना अजनर में थाना समाधान दिवस में फरियादियों से उनकी समस्याओं को मौके पर सुना गया तथा वहां मौजूद संबंधित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर निर्देशित किया गया कि प्राप्त हुयी सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए जिससे आमजनमानस को बिना वजह परेशान होना पड़े। तत्पश्चात शिकायत रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों का फीडबैक भी लिया गया।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम की अध्यक्षता में थाना महोबकंठ में थाना समाधान दिवस का आयोजन कर जनसुनवाई की गयी।

जनपदीय पुलिस व प्रशासन के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल / थाना पर थाना समाधान दिवस आयोजित कर जनता की समस्याओं को सुना गया तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों की जांच करते हुए उनके त्वरित व विधिक निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

थाना समाधान दिवस के अवसर पर लोगों की समस्याओं को सुना गया। इस मौके पर सभी थानों में कुल 46 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 38 शिकायतें राजस्व विभाग से व 06 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित थी, प्राप्त शिकायतों मे से 08 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.11.2022
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना अजनर का किया गया औचक निरीक्षण, थाना कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन कर सम्बन्धित को दिये आवश्यक निर्देश..।






पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा आज दिनांक 26.11.2022 को थाना अजनर जनपद महोबा का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई, बंदीगृह व मालखाना आदि को चेक करने के साथ-साथ थाने के शस्त्रागार तथा थाना कार्यालय में रखे महत्वपूर्ण अभिलेखों अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर का बारीकी से निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

महिला हेल्प डेस्क- मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत व महिला सम्बन्धित शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेने व त्वरित कार्यवाही हेतु थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया गया तथा महिला सम्बन्धी शिकायतों को रजिस्टर में दर्ज कर शिकायत पर की गयी कार्यवाही भी दर्ज करने के साथ-साथ पीडित से फीडबैक लेने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी नगर निकाय चुनाव के सम्बन्ध में विशेष सतर्कता बरतने के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर श्री शिवआसरे, वरिष्ठ उ0नि0 दिनेश तिवारी सहित थाना हाजा पर नियुक्त अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना अजनर में सभी विवेचको का किया गया अर्दली रुम, लम्बित विवेचनाओं / जांच प्रार्थना पत्रों की समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश।

आज दिनांक 26.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा थाना अजनर में सभी विवेचकों का अर्दली रुम किया गया, अर्दली रुम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थानों पर लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत रुप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं / जांच प्रार्थना पत्रों कि समीक्षा की गई जिसमें काफी समय से लम्बित विवेचनाओं पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित करते हुये कहा कि लम्बित विवेचनाओं / जांच प्रार्थना पत्रों पर निश्चित समयावधि पर गुणदोष के आधार पर विधिक निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण करने तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए, इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन एवं उच्चाधिकारीग द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक थाना अजनर श्री शिवआसरे सहित थाना अजनर के समस्त विवेचकगण/उपनिरीक्षकगण मौजूद रहे।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## थाना खरेला पुलिस टीम ने 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 26.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला श्री गणेश कुमार द्वारा उ0नि0 अजीत नारायण त्रिपाठी के नेतृत्व में गठित की गयी पुलिस टीम ने 02 नफर वारण्टी अभियुक्त क्रमशः 1. हनीफ पुत्र सद्दू नि0 मु0 स्वामीदास कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा सम्बन्धित मा0 न्यायालय द्वारा जारी केश नं. 472/20 धारा 13 जी अधिनियम थाना खरेला जनपद महोबा के वारण्ट पर अभियुक्त हनीफ उपरोक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया व मा0 न्यायालय द्वारा जारी केश नं 355/2016 धारा 279/337 आईपीसी थाना चरखारी जनपद महोबा से सम्बन्धित अभियुक्त कल्लू पुत्र मानसिंह की गिरफ्तारी करते हुये गिरफ्तारी वारण्ट से अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित न्यायालय समय से भेजा जा रहा है।

### गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम –

1.उ0नि0 अजीत नारायण त्रिपाठी
2.का0 मिथिलेश कुमार त्रिपाठी
3.का0 राघवेन्द्र सिंह

### गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त –

1. हनीफ पुत्र सद्दू नि0 मु0 स्वामीदास कस्बा व थाना खरेला जनपद महोबा
2. कल्लू पुत्र मानसिंह नि0 खरेला थाना खरेला जिला महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 26.11.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अपराध श्री गोपालचन्द्र कन्नौजिया द्वारा गठित टीम उ0नि0 श्री सनय कुमार द्वारा तलाश वाँछित/वारण्टी के दौरान वारण्टी अभियुक्त भारत पुत्र कल्लू उम्र करीब 31 वर्ष निवासी नथुपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा सम्बन्धित मु0नं0 297/17 अप0 संख्या 1672/13 धारा 325/323/504/506 भादवि को नथुपुरा महोबा से गिरफ्तार करते हुये नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक विवरणः–

भारत पुत्र कल्लू उम्र करीब 31 वर्ष निवासी नथुपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा सम्बन्धित माननीय न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महोबा वारण्ट मु0नं0-297/17 अप0संख्या 1672/13 धारा 325/323/504/506 भादवि

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः–

1. उ0नि0 सनय कुमार प्रभारी चौकी बजरिया थाना कोतवाली नगर महोबा
2. कां0 देवेन्द्र यादव



## यातायात माह नवम्बर के तहत स्कूली बच्चों द्वारा निकाली गयी यातायात जनजागरूकता रैली, स्कूली बच्चों द्वारा यातायात नियमों का पालन करने हेतु की गयी अपील ।

आज दिनांक 26.11.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन मे उपजिलाधिकारी सदर महोबा व क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री हर्षिता गंगवार, जिला विद्यालय निरीक्षक की गरिमामयी उपस्थिति मे साई इंटर कॉलेज व नवोदय विद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट के बच्चों द्वारा यातायात एवं सडक सुरक्षा वृहद जागरूकता रैली का आयोजन किया गया । यातायात जागरुकता रैली जिला अधिकारी महोदय के आवास से प्रारम्भ होकर आल्हा चौक, तहसील कोतवाली मेन मार्केट, ऊदल चौक, सुभाष चौक से गुजरते हुये कीरत सागर तट पर समापन हुयी । इस दौरान यातायात प्रभारी निरीक्षक व यातायात कर्मचारीगण सहित जनसामान्य द्वारा प्रतिभाग किया गया ।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 26.11.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में कानून एंव शाति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **26.11.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था के दृष्टिगत आमजन से संवाद स्थापित कर कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी । स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई ।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।

यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर **126** वाहनो के ई-चालान किये गये ।



@mahobapolice SP Mahoba @mahobapolice 7839857330